# मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड
## (मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
### कार्यालय –कार्यपालन अभियंता (सिविल)निर्माण संभाग दो
### अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, जिला–अनूपपुर (म0प्र0) 484220

क्रमांक 001–7300/स्था0/ 65

चचाई दिनांक– 02/06/2021

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल, अनूपपुर
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

विषय:– अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 1x660 M.W. सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना– इकाई के उपसंगीय निर्माण कार्य हेतु 6.171 हेक्टेयर वन– भूमि उपलब्ध करवाने विषयक।

...000...

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह में पूर्व में स्थापित एवं अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवा से पृथक हुए विद्युत गृह क्रमांक –1 (1x20 मेगावाट + 1x30 मेगावाट) तथा विद्युत गृह क्रमांक– 2 (2x120 मेगावाट) के स्थान पर म0प्र0पा0ज0कं0लि0 द्वारा (1x660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना हेतु परियोजना प्रतिवेदन की कुल लागत मूल्य 4666.87 करोड़ रू0 के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस विस्तार इकाई के उपसंगीय कार्य हेतु 6.171 हेक्टेयर वन भूमि की आवश्यकता है, यह वन भूमि म0प्र0पा0ज0कं0लि0 द्वारा पूर्व में ली गई वन भूमि की शेष वन भूमि है, जो विद्युत परिसर की बाउन्ड्रीवाल के अन्दर ही स्थित है।

वन विभाग के प्रचलित नियमानुसार म0प्र0पा0ज0कं0लि0 द्वारा दिनांक 15.03.2021 को ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/THE/130772/2021 है। उक्त आवेदन की छायाप्रति (Scanned copy) एवं अन्य दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति संलग्न कर प्रकरण फाइल पत्र के साथ संलग्न की जाकर प्रस्तुत है एवं निवेदन है कि तदानुसार उक्त वन भूमि म0प्र0पा0ज0कं0लि0 को हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

संलग्न:– प्रकरण फाइल पाँच प्रति में।

एम.के.नामदेव
कार्यपालन अभियंता (सिविल)
निर्माण संभाग– दो
अ0ता0वि0गृ0 चचाई

प्रतिलिपि–

1. मुख्य अभियंता (उत्पा0) अ0ता0वि0गृ0 म0प्र0पा0ज0कं0लि0 चचाई की ओर कृपया सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता (सिविल अभियांत्रिकी) म0प्र0पा0ज0कं0लि0 जबलपुर की ओर कृपया सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता (सिविल) अ0ता0वि0गृ0 चचाई की ओर कृपया सूचनार्थ।

एम.के.नामदेव
कार्यपालन अभियंता (सिविल)
निर्माण संभाग– दो
अ0ता0वि0गृ0 चचाई